NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

जालौन में बिक रही थी नकली कोल्ड ड्रिंक? पुलिस ने की कार्रवाई, 5 लाख रुपये की 1200 पेटियां जब्त

विशाल वर्मा, जालौन: जालौन में नकली कोल्ड ड्रिंक के बड़े कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। वरूण बेवरेज कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने नकली कोल्ड ड्रिंक से भरे एक ट्रक को कब्जे में ले लिया। 1200 पेटियों को बरामद किया है, जिनकी कीमत 5 लाख रुपये बताई जा रही है। कंपनी मैनेजर ने इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

दरअसल, यह पूरा मामला कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती स्थित कंजर बाबा के पास का है, जहां यह नकली माल उतारा जा रहा था। वरूण वेवरेज कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर राकेश मिश्रा को सूचना मिली कि कोंच के कंजड़ बाबा, जवाहर नगर क्षेत्र में एक ट्रक में पेप्सी कंपनी की नामी कोल्ड ड्रिंक के नाम पर नकली माल लाया गया है। आशुतोष व्यास, बालाजी ट्रेडर्स के संचालक ने कंपनी को इसकी सूचना दी। कंपनी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो माल नकली पाया गया।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/jalaun/kanjar-baba-fake-cold-drink-racket-busted-1200-cartons-worth-5-lakhs-truck-seized/articleshow/131990429.cms